प्रादेशिक समाचार
21.01.2025 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित, जनजातीय कार्यमंत्री जुएल ओराम ने किया उद्घाटन।

2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की दूसरी बैठक संपन्न, 18 प्रस्तावों को मिली मंजूरी।

3. राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने फर्जी डीड पर रोक लगाने के लिए एनआईसी सॉफ्टवेयर में सुधार के दिए निर्देश, फर्जीवाड़े में शामिल अधिकारियों को चिह्नित कर कार्रवाई की दी चेतावनी।

4. पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों को नक्सलियों के खिलाफ अभियान में मिली बड़ी सफलता, पुराने कैंप से बरामद 21 आईईडी और 55 जिलेटिन किये गए विनष्ट।

5. हॉकी इंडिया लीग के महिला वर्ग में आज रांची में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का मैच ओडिशा वारियर्स से जारी और पुरुष वर्ग में यूपी रुद्रास का मुकाबला टीम गोनासिका से राउरकेला में होगा।

*******************

केंद्र सरकार ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान पर जिलाधिकारियों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में पीएम जनमन के तहत छह मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इनमें आवास, सड़क, आंगनवाड़ी, स्कूल छात्रावास, बहुउद्देशीय केंद्र और वन धन विकास केंद्र शामिल हैं। जनजातीय कार्यमंत्री जुएल ओराम ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि पीएम जनमन का लाभ सम्मेलन में शामिल सभी 18 राज्यों के हर व्यक्ति तक पहुंचे।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज मंत्रिपरिषद की दूसरी बैठक संपन्न हुई जिसमें 18 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें राज्यकर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना और राज्य के विभिन्न अस्पतालों के लिए पद सृजित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है, साथ ही चतरा में स्पेशल कोर्ट के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया।

*******************

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुआ ने भू–राजस्व विभाग को फर्जी डीड पर रोक लगाने के लिए एनआईसी सॉफ्टवेयर में सुधार के निर्देश दिए, साथ ही डीड के यूनिक नंबर का दुरुपयोग रोकने और म्यूटेशन मामलों में पारदर्शिता बढ़ाने पर जोर दिया हैं। उन्होंने आदिवासियों और मूलवासियों की जमीन विवाद में बिचौलियों की भूमिका पर सख्ती का आश्वासन दिया और फर्जीवाड़े में शामिल अधिकारियों को चिह्नित कर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

*******************

वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने रांची में जैव विविधता संरक्षण कार्यशाला आयोजित किया, जिसमें पर्यावरणविद और विशेषज्ञों ने जलवायु संवेदनशीलता और समाधान पर चर्चा की। मौके पर सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने जलवायु परिवर्तन के कारकों को कम करने और विभागीय सतर्कता पर जोर दिया।

*******************

धनबाद जिले में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जनवरी से स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का दूसरा चक्र चलाया जाएगा।

*******************

सरकार कल नई दिल्ली में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाएगी, जो बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तीकरण के लिए किए जा रहे अथक प्रयासों का एक दशक पूरा होने का प्रतीक है। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारी, छात्राएं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भाग लेंगी।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में सुरक्षा बलों को एक और सफलता मिली है। पश्चिमी सिंहभूम के कराईकेला थाना क्षेत्र के सरेंगदा गांव के पास जंगल में सर्च अभियान के दौरान 21 आईईडी और 55 जिलेटिन बरामद किए गए। बम निरोधक दस्ते ने उन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने जानकारी दी कि नक्सलियों के पुराने कैंप को भी ध्वस्त कर दिया गया है।

*******************

सरायकेला खरसावाँ जिले में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत एनआर प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्रों ने प्रभात फेरी निकाली और नारे लगाते हुए सड़क सुरक्षा का संदेश दिया और शपथ ली। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो ने हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग पर जोर दिया।

*******************

रांची में आयोजित भाजपा सदस्यता समारोह में लोहरदगा जिला परिषद के सदस्य ने लोकहित अधिकार पार्टी को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन पर्व के तहत अधिक लोगों को जोड़ने का लक्ष्य बताया। उन्होंने राज्य में बढ़ते भ्रष्टाचार पर भी सवाल उठाए।

*******************

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राज्य सरकार पर 13 सौ करोड़ रुपये के बिना ऑडिट खर्च का आरोप लगाया है। उन्होंने इस मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्रियों से जवाब मांगा है।

*******************

हॉकी इंडिया लीग के महिला वर्ग में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का रोमांचक मुकाबला ओडिशा वारियर्स से रांची में जारी है। पुरुष वर्ग में आज यूपी रुद्रास का सामना टीम गोनासिका से होगा। ये मैच राउरकेला में रात सवा आठ बजे से खेला जाएगा।

*******समाप्त*******